PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Phata Poster Nikla Hero
Year: 2013

Song: Main Rang Sharbaton Ka
Lyricist: Irshad Kamil, Amitabh

ख़्वाब है तू नींद हूँ मैं
दोनों मिले रात बने
रोज़ यहीं माँगू दुआ
तेरी मेरी बात बने बात बने

मैं रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मैं रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मुझे खुद में घोल दे तो
मेरे यार बात बन जानी
रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मैं रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी

मैंने तो धीरे से नींदों के धागे से
बाँधा है ख़्वाब को तेरे
मैं ना जहाँ चाहूँ ना आसमाँ चाहूँ
आजा हिस्से में तू मेरे
तू ढंग चाहतों का
मैं जैसे कोई नादानी
तू ढंग चाहतों का
मैं जैसे कोई नादानी

मुझे खुद से जोड़ दे तो
मेरे यार बात बन जानी
रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मैं रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी

तेरे ख़यालों से तेरे ख़यालों तक
मेरा तो है आना जाना
मेरा तो जो भी है
तू ही था तू ही है
बाकी जहाँ है बेगाना
तुम एक मुसाफ़िर हो
मैं राह कोई अनजानी
मन चाहा मोड़ दे तो
मेरे यार बात बन जानी
रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मैं रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी
मुझे खुद में घोल दे तो
मेरे यार बात बन जानी
रंग शरबतों का
तू मीठे घाट का पानी

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.